अयोध्या एयरपोर्ट का शिलान्यास दिसंबर अंत या जनवरी में

राब्यू, लखनऊ : नागरिक उड्डयन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को अफसरों को अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास दिसंबर अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह में कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अन्य पांच एयरपोर्ट मुरादाबाद, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ व श्रावस्ती के लोकार्पण दिसंबर में ही कराने के लिए कहा है।

नन्दी ने शुक्रवार को प्रदेश में विकसित किए जा रहे हवाईअड्डों की स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रथम चरण के लिए निर्धारित 351 एकड़ जमीन अधिग्रहीत कर ली गई है। अब एयरपोर्ट के शिलान्यास की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए ताकि जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू हो सके। उन्होंने आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, बरेली, झांसी, कानपुर, मेरठ, सोनभद्र, सहारनपुर, ललितपुर, गोरखपुर, हिंडन, प्रयागराज हवाईअड्डों की समीक्षा की। निदेशक व विशेष सचिव कुमार हर्ष ने बताया कि सभी हवाईअड्डे का विकास कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इन्हें क्रियाशील किया जाएगा।

नन्दी ने कहा कि वर्तमान सरकार के आने के बाद से हवाईअड्डों के विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि जेवर हवाईअड्डे की तरह प्रदेश के दूसरे हवाईअड्डों को भी पीपीपी माडल पर विकसित या संचालित करने की संभावनाओं को भी देखा जाए। नागरिक उड्डयन निदेशालय परिसर में चल रहे एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा विमानन के क्षेत्र में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों पर भी चर्चा की। निदेशक ने बताया कि कौशल विकास मिशन के तहत विमानन क्षेत्र के चार नए पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की कार्रवाई चल रही है।